भारत सरकार
संस्कृति मंत्रालय

लोक सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 1271
उत्तर देने की तारीख 08.12.2025

असम में कला क्षेत्र

1271. श्री प्रद्युत बोरदोलोई :

क्या संस्कृति मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या असम में सांस्कृतिक विरासत को रेखांकित करने के लिए कोई कलाक्षेत्र या केंद्र स्थापित किए गए हैं,

(ख) यदि हां, तो ऐसे केन्द्रों के निर्माण कार्य पूरा होने, संचालन आरंभ होने की समय-सीमा का ब्यौरा क्या है और इसके लिए आवंटित धनराशि, वितरित धनराशि कितनी है और ऐसे केन्द्रों के लिए आवंटित और अधिग्रहीत क्षेत्र का ब्यौरा क्या है तथा क्षेत्र का उपयोग किस प्रकार किया गया है; और

(ग) यदि नहीं, तो क्या सरकार की असम की विरासत को किसी अन्य तरीके से प्रदर्शित करने की योजना है?

उत्तर

संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री
(गजेन्द्र सिंह शेखावत)

(क) से (ग): संगीत नाटक अकादेमी (एसएनए), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) और सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) के क्षेत्रीय केंद्र पहले से ही असम में कार्य कर रहे हैं।

सीसीआरटी का गुवाहाटी क्षेत्रीय केंद्र उत्तर पूर्वी क्षेत्र में शिक्षा के साथ संस्कृति को जोड़ने के सीसीआरटी के अधिदेश के संवर्धन के लिए 2008 में शुरू किया गया था।

संगीत नाटक अकादेमी के दो केंद्र गुवाहाटी में स्थापित किए गए हैं: सत्रिया केंद्र, और एक क्षेत्रीय केंद्र, दोनों 2008 में शुरू किए गए थे।

सत्रिया केंद्र 500 वर्ष पहले शंकरदेव द्वारा शुरू की गई असम की सत्रिया कला को बढ़ावा देने और उसे संरक्षित रखने का कार्य करता है, जबकि क्षेत्रीय केंद्र उत्तर पूर्वी भारत की सभी मंच कला परंपराओं का संवर्धन करता है।

आईजीएनसीए का क्षेत्रीय केंद्र 2017 में शुरू हुआ था, जिसके अधिदेश में अन्य बातों के साथ-साथ उत्तर पूर्वी भारत के अलग-अलग समुदायों और जनजातियों की संस्कृति के विभिन्न पहलुओं का अध्ययन करना शामिल है जो विशेष रूप से उनके इतिहास, मौखिक परंपराओं, आजीविका, ज्ञान, परंपराओं, ब्रह्मांड विज्ञान, वैश्विक परिदृश्य और रीति-रिवाजों आदि से संबंधित हो।

पिछले तीन वर्षों में संस्कृति मंत्रालय द्वारा सीसीआरटी, आईजीएनसीए और एसएनए को जारी की गई निधियों का ब्यौरा **अनुलग्नक** पर दिया गया है।

संस्कृति मंत्रालय के उत्तर पूर्वी क्षेत्रीय सांस्कृतिक केंद्र ने भी पंजाबारी, गुवाहाटी में अपना शिल्पग्राम (क्राफ्ट्स विलेज) स्थापित किया है, जहाँ पारंपरिक कारीगरों और बुनकरों के लिए हस्तशिल्प मेले, प्रदर्शनियाँ और कारीगरों के स्टॉल लगाने के साथ-साथ सांस्कृतिक उत्सव भी आयोजित किए जाते हैं।

असम में अकादेमियों के क्षेत्रीय हब के लिए असम सरकार से 4.01 करोड़ रुपए की लागत से 5 बीघा ज़मीन भी अधिगृहित की गई है।

अनुलग्नक

'असम में कला क्षेत्र' के संबंध में दिनांक 08 दिसम्बर, 2025 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न संख्या 1271 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित अनुलग्नक

संगीत नाटक अकादेमी (एसएनए), इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र (आईजीएनसीए) और सांस्कृतिक स्रोत एवं प्रशिक्षण केन्द्र (सीसीआरटी) को जारी की गई निधियां

क्रम सं.	संस्था का नाम	जारी की गई निधियां 2022–2023	जारी की गई निधियां 2023–2024	जारी की गई निधियां 2024-2025
1	एसएनए	6810.50	7105.00	12099.00
2	सीसीआरटी	2495.00	2595.00	2366.00
3	आईजीएनसीए	22977.82	10910.00	7410.00

*****